**जनपद हमीरपुर**

**यातायात** **दिनांक 11 जुलाई 2026**

**राठ, मौदाहा एवं सदर की ZFD (Zero Fatality District) सीसी टीम को एक दिवसीय यातायात प्रशिक्षण प्रदान किया गया।**

पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में प्रभारी यातायात एवं यातायात पुलिस द्वारा राठ, मौदाहा एवं थाना सदर की ZFD (Zero Fatality District) सीसी टीम को एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करना, यातायात व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाना तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना रहा।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को यातायात प्रबंधन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक एवं तकनीकी जानकारी दी गई। टीम को विभिन्न यातायात संकेतों (साइन बोर्ड) की पहचान, उनके महत्व एवं प्रभावी अनुपालन के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। साथ ही बॉडी वॉर्न कैमरा (Body Worn Camera) के संचालन, उपयोगिता एवं ड्यूटी के दौरान उसके महत्व की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

इसके अतिरिक्त लेज़र स्पीड मीटर (Laser Speed Meter) के माध्यम से वाहनों की गति मापने की प्रक्रिया तथा ब्रेथ एनालाइज़र (Breath Analyzer) द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों की जांच की विधि का भी व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों के प्रभावी अनुपालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, ओवरस्पीडिंग एवं नशे की हालत में वाहन चलाने के दुष्परिणामों पर विशेष बल दिया गया। साथ ही आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने एवं आधुनिक उपकरणों के प्रभावी उपयोग के माध्यम से सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।



